**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**

**दिनांक: 14.08.2024** **समय : 18.30 पीएम**

- **78वां स्वाधीनता दिवस कल समारोहपूर्वक मनाया जायेगा–प्रधानमंत्री दिल्ली में लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे।**
- **स्वतंत्रता दिवस का राज्य स्तरीय मुख्य समारोह जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में।**
- **राज्य के चिकित्सा मंत्री ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए अधिकारियों को युद्धस्तर पर काम करने के निर्देश दिये–डिजिटल हैल्थ मिशन का शुभारंभ किया।**
- **प्रदेश में सेंटर ऑफ एक्सीलेन्स फॉर सेरेमिक्स की स्थापना की जाएगी।**

00000

राष्ट्र कल 78वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और राष्ट्र को संबोधित करेंगे। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन आकाशवाणी के समूचे राष्ट्रीय नेटवर्क पर अब से कुछ देर बाद शाम 7 बजे प्रसारित किया जाएगा। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सशस्त्र बलों को संबोधित किया।

स्वतंत्रता दिवस का राज्य स्तरीय मुख्य समारोह जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा, जहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा झंडा रोहण करेंगे और परेड का निरीक्षण करेंगे। समारोह में मुख्यमंत्री पुलिस विभाग में उत्कृष्ट और सराहनीय सेवाएं प्रदान करने वाली 2 महिला पुलिस अधिकारियों को राष्ट्रपति पुलिस पदक प्रदान कर सम्मानित करेंगे। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक स्मिता श्रीवास्तव और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हाउसिंग बिनिता ठाकुर को ये सम्मान दिया जा रहा है। राज्य के विभिन्न जिलों में प्रभारी मंत्री और प्रशासनिक अधिकारी राष्ट्र ध्वज फहराएंगे। आजादी की सालगिरह धूमधाम से मनाने को लेकर विभिन्न तैयारियां की गई हैं। विभिन्न सरकारी और ऐतिहासिक इमारतों को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है।

इससे पहले आज स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर जयपुर में एसएमएस स्टेडियम पर स्थित अमर जवान ज्योति पर राजस्थान पुलिस बैंड द्वारा आमजन के लिए देश भक्ति के गीतों की धुनों पर आधारित विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जैसलमेर के सोनार किले पर हरी झण्डी दिखाकर 'हर घर तिरंगा यात्रा' को रवाना किया। अखेपोल गेट से हनुमान सर्किल तक निकली इस यात्रा में मुख्यमंत्री हाथ में तिरंगा थामे शामिल हुए। उन्होंने राष्ट्रीय एकता और गौरव का संदेश दिया। रैली में सीमा सुरक्षा बल, भारतीय थल सेना और वायु सेना के जवान तथा बॉर्डर होमगार्ड, एनसीसी कैडेट्स सहित राजस्थान पुलिस के जवान शामिल हुए। तिरंगा यात्रा में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, विधायक महंत प्रतापपुरी, विभिन्न जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ अधिकारियों और आम लोगों ने भी हिस्सा लिया।

जयपुर में पुलिस आयुक्तालय की ओर से आज 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत मोटर साइकिल रैली निकाली गयी। जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने पुलिस कमिश्नरेट पर इस रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

राज्य के अन्य जिलों में भी हर घर तिरंगा अभियान का उल्लास बना हुआ है। प्रतापगढ़ के पीपलखूंट में अनूठा आयोजन हुआ। वहां ग्रामीणों ने नदी में नाव पर तिरंगा रैली निकाली। श्रीगंगानगर में विधायक जयदीप बिहाणी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा रैली निकली। तिरंगा यात्रा रैली में शामिल लोगों को नशा न करने की शपथ दिलाई गई। गंगापुर सिटी जिला कलक्टर डॉ. गौरव सैनी पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने कलक्ट्रेट परिसर से तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सवाईमाधोपुर में तिरंगा रन और मैराथन हुई।

जोधपुर में सीमा सुरक्षा बल की ओर से हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य आकर्षण ऊँट दस्ता रहा। शाहपुरा के देवखेडा में महान क्रांतिकारी केसरी सिंह बारहठ, जोरावर सिंह बारहठ और कुंवर प्रताप सिंह बारहठ के सम्मान में तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई। हनुमानगढ़ में हर घर तिरंगा शपथ का आयोजन हुआ।

बाड़मेर ज़िले के चौहटन में तिरंगा रैली निकाली गई। चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। पाली में हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला प्रशासन और महिला अधिकारिता विभाग द्वारा चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिता रखी गई।

**0000**

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के सिलसिले में आज कोटा रेल्वे स्टेशन पर विशेष प्रदर्शनी शुरू हुई। इस प्रदर्शनी में चित्रों के माध्यम से विभाजन के समय लोगों के पलायन को दर्शाया गया है। सवाईमाधोपुर में लीड बैंक द्वारा विभाजन की विभीषिका प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। आज बड़ी संख्या में लोगों ने प्रदर्शनी को देखा। पाली के दो प्रधान डाकघरों में भी ऐसी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है।

सिरोही के आबू रोड़ में केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से आज विभाजन विभीषिका चित्र प्रदर्शनी आज से शुरू हुई। चित्र प्रदर्शनी के शुभारम्भ समारोह में आबूरोड क्षेत्र के स्कूली छात्र–छात्राओं और ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। सवाई–माधोपुर के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में भी आज "विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस" मनाया गया। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं द्वारा विभाजन विभीषिका स्मृति से संदर्भित नाटक का मंचन किया गया।

0000

चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए विभाग के अधिकारियों को युद्धस्तर पर काम करने के निर्देश दिये हैं। श्री खींवसर आज विभाग के अधिकारियों के साथ मौसमी बीमारियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में चिकित्सा मंत्री ने राजस्थान डिजिटल हैल्थ मिशन का शुभारंभ किया। उन्होंने मौसमी बीमारियों को लेकर राज्य स्तर पर कंट्रोल रूम संचालित करने को कहा। उन्होंने ये भी कहा कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाही की जायेगी। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में श्री खींवसर ने कहा कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए हर स्तर पर संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जायेगी।

00000

प्रदेश में सेंटर ऑफ एक्सीलेन्स फॉर सेरेमिक्स की स्थापना की जाएगी। खान सचिव आनन्दी ने बताया है कि प्रदेश में सिरेमिक मिनरल्स का विपुल भण्डार उपलब्ध है। सिरेमिक मिनरल्स का ग्लास, सिरेमिक्स, बिजली के काम आने वाले इंसूलेटर, टायलेट में काम आने वाले सेनेटरीवेयर उत्पादों, रियल एस्टेट में काम आने वाली टॉयल्स, पॉटरी, ब्रिक्स, सेमी कण्डक्टर सहित विभिन्न उत्पादों को तैयार करने में प्रमुखता से इस्तेमाल होता है। निदेशक माइंस भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि एक अनुमान के अनुसार प्रदेश में 2 हजार मिलियन टन सिलिका मिनरल्स के डिपोजिट है। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर सिरेमिक्स की स्थापना से प्रदेश में शोध और अध्ययन के साथ ही सिरेमिक उद्योग में नई आधुनिकतम तकनीक का उपयोग हो सकेगा।

00000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने जनजाति क्षेत्रों के विकास के लिए प्रतिबद्ध होकर काम करने के निर्देश दिए हैं। श्री बागडे आज राजभवन में जनजातीय क्षेत्र विकास विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आदिवासी क्षेत्रों के बच्चों की पढ़ाई, उनकी छात्रवृत्ति, आवास योजनाओं और वहां पर काश्तकारों के बारे में जानकारी ली। बैठक में जनजाति विकास विभाग मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों और योजनाओं के बारे में जानकारी दी। राज्यपाल ने आदिवासी क्षेत्रों में उद्यमिता और कौशल विकास के लिए भी विशेष प्रयास किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में प्राकृतिक वनस्पति उत्पादों का प्रभावी विपणन किया जाए।

00000

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के उपलक्ष्य में आज जयपुर में रन अप कार्यक्रम के तहत सम्मेलन आयोजित किया गया। यह सम्मेलन केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय तथा राज्य सरकार के जल संसाधन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य के जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने कहा कि विभिन्न विभागों में अंतरिक्ष विज्ञान के उपयोग बढ़ावा देने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल संसाधन तथा जल प्रबंधन में भी अंतरिक्ष विज्ञान का महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है। इस मौके पर श्री रावत ने किसान साथी एप का शुभारंभ भी किया। इस एप के माध्यम से पार्वती सिंचाई परियोजना के कमांड क्षेत्र के किसानों को लाभ मिल सकेगा । इस कार्यक्रम में राज्य और केन्द्र सरकार के विभागों के लगभग 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इनमें वैज्ञानिकों और अभियंताओं के अलावा उद्योगों के प्रतिनिधि छात्र और किसान शामिल हैं। सम्मेलन में जल के क्षेत्र में अंतरिक्ष के योगदान पर वैज्ञानिकों, अभियंताओं तथा विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुतियां भी दी गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज, छात्रों और विभागों में कार्यक्रम तथा उससे जुड़े लाभों के बारे में जागरूकता का प्रचार–प्रसार करना है। गौरतलब है कि पिछले साल चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की सतह पर चन्द्रयान की सफल लैण्डिंग के उपलक्ष्य में केन्द्र सरकार ने इस साल 23 अगस्त को राष्ट्रीय अन्तरिक्ष दिवस मनाए जाने का निर्णय किया है।

00000

बांग्लादेश में हिन्दूओं के खिलाफ हो रहे कथित अत्याचार और हिंसा के विरोध में आज जयपुर के परकोटे में 12 बजे तक बाजार बंद रहे। साथ ही शहर में सर्व समाज आक्रोश रैली भी निकाली गई, जिसमे हजारों की संख्या में लोगों ने शामिल होकर विरोध जताया। यह रैली रामलीला मैदान से निकलकर सांगानेरी गेट होते हुए बड़ी चौपड़ पर पहुंची। इससे पहले रामलीला मैदान पर एक सभा भी हुई, जिसमे संत समाज भी सम्मिलित हुआ। रामलीला मैदान पर सभा में रामधुनि और देशभक्ति गीत हुए। सवाईमाधोपुर, राजसमंद, नागौर और कुछ अन्य जिलों में भी इसी सिलसिले में विरोध प्रदर्शन किया गया।

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज भारत–पाक सीमा पर बबलियान सीमा चौकी पर पहुंच कर सीमा प्रहरियों की हौसला अफजाई की। मुख्यमंत्री ने बल के अधिकारियों से सीमा क्षेत्र में हालातों की जानकारी ली। इस दौरान सरहद पर तैनात महिला सीमा प्रहरियों ने मुख्यमंत्री की कलाई पर रक्षा सूत्र भी बांधे। मुख्यमंत्री ने बल के जवानों की बहादुरी और मुस्तैदी की प्रशंसा की।

00000

कृषि तथा आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ किरोडी लाल मीणा ने सवाईमाधोपुर में अतिवृष्टि के बाद आपदा प्रबंधन व्यवस्थाओं के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद पत्रकारों को जानकारी देते हुए डॉ. मीणा ने बताया कि इस बार अतिवृष्टि के कारण जिले में जान माल की हानि हुई है। इस संबंध में सभी विभागों से जानकारी ली गई है। विभिन्न क्षेत्रों में हुए जान माल की हानि के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट जिला कलेक्टर के माध्यम से सरकार को भिजवाए जाने के निर्देश दिए गये हैं ताकि सरकार की ओर से पीड़ित लोगों को उचित समय पर राहत पहुंचाई जा सके।

00000

राज्य में आज भी कई स्थानों पर मध्यम से भारी बारिश हुई है। टोंक में आज दोपहर में मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। निचले इलाकों में आज फिर जल भराव हो गया। बारां में दिनभर कभी तेज तो कभी रिमझिम बरसात का दौर जारी रहा। जयपुर में सुबह हल्की बारिश के बाद धूप खिल गई। शाम को मौसम में फिर पलटा खाया और जोरदार पानी बरसा इससे जगह जगह ट्रेफिक जाम हो गया।

इस बीच मौसम विभाग ने आज टोंक, सीकर, नागौर, जयपुर, बीकानेर, जैसलमेर, जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और कहीं–कहीं भारी बरसात की संभावना जताई है। इन स्थानों के लिये ऑरेन्ज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 20 से अधिक जिलों के लिये येलो अलर्ट जारी किया गया है।

00000

करौली के पांचना बांध का पानी भरतपुर के घना केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान पहुंच गया है जिससे उधान के कर्मचारियों, अधिकारियों सहित वन्य जीव प्रेमियों में खुशी की लहर है। पानी की कमी से जूझ रहे केवलादेव में पानी आने से झीलें भर गई है। पानी की रफ्तार तेज होने से अजान बांध के जरिये पानी में मछलियां, मेंढक और अन्य छोटे जलीय जीव भी आ रहे हैं जो पक्षियों के लिए भोजन का काम कर रहे हैं। इस बीच अत्याधिक बरसात और पानी की आवक होने से 19 अगस्त तक केवलादेव उधान में पर्यटकों का प्रवेश बंद कर दिया गया है।

00000

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. ने मनसुख मांडविया ने आज राष्ट्रीय सेवा योजना – एनएसएस और माई भारत के स्वयंसेवकों से बातचीत की। इन स्वयंसेवकों को 78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में नई दिल्ली स्थित लालकिले पर विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर उन्हों्ने कहा कि अनुशासन और समर्पण के साथ कार्य करने से हर क्षेत्र में सफलता मिलती है। श्री मांडविया ने सभी से देश को विकसित बनाने के लिए साथ मिलकर कार्य करने की अपील की।

00000

पंचायतों में महिलाओं के नेतृत्व विषय पर आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में देशभर की 160 से अधिक पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया। केन्द्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह और पंचायती राज राज्य मंत्री प्रोफेसर एस.पी. सिंह बघेल इन प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 25 तारीख को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 113वीं कड़ी होगी। इस कार्यक्रम के लिये श्रोता अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नम्बर–1800 11 7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम पर भी विचार साझा किए जा सकते हैं।

00000